दिनांक 17.11.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम आयुक्त श्री रघुवंशी ने गंदगी फैलाने वालों से अर्थ दण्ड वसूलने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी आज प्रातः 6 बजे से निगम क्षेत्र के विभिन्न जोन कार्यालय के अंतर्गत वार्डो में चल रही सफाई व्यवस्था , सामुदायिक एवं पब्लिक शौचालय, व्यवसायिक बाजार, आवासिय क्षेत्रों, शौचालय में नल, पानी, प्रकाश व्यवस्था, खिड़की, दरवाजे एवं साफ सफाई, सार्वजनिक चैक चैराहा, नालियों की सफाई, स्वच्छता कार्यों में लगे कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निगम आयुक्त श्री रघुवंशी के द्वारा सुबह सर्वप्रथम जोन 6 कार्यालय रिसाली के अंतर्गत वार्ड 63 रूआंबांधा में स्थित एसएलआरएम सेंटर की व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे , जहां कचरों का पृथकीकरण किए जा रहे कार्यो का निरीक्षण करने के उपरांत गलियांे का भ्रमण करते हुए सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए रूआंबांधा बाजार एवं मड़ौदा स्थित एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण करते हुए जोन 01 कार्यालय नेहरू नगर अंतर्गत शहरी गोठान पहुंचकर व्यवस्था का निरीक्षण किए।

जोन 03 एवं 04 कार्यालय अंतर्गत डबरा पारा चैक से पाॅवर हाॅउस बस स्टैंड, जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, सब्जी मंडी, मटन मार्केट तक पैदल चलते हुए सड़क किनारे अवैध रूप से व्यवसाय करने वाले व्यापारी एवं सड़क किनारे अवैध रूप से टायर, रेत, गिटटी, पुरानी गाड़ी रखकर, आवागमन में बाधा पहुंचाने एवं गंदगी फैलाने वाले नागरिकों एवं व्यापारियों से अर्थदंड की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जोन आयुक्तों को दिए गए। साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी श्री धर्मेद्र मिश्रा को निर्देशित किया गया कि सभी जोन कार्यालय के अंतर्गत निरंतर एवं रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था नियमित रूप से हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

जनसंपर्क अधिकारी